राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या–137/2023

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक कोर्स लागू करने के संबंध में बैठक की

पटना, 13 अप्रैल, 2023 :– महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार के विश्वविद्यालयों में Choice Based Credit System (CBCS) एवं Semester System के आधार पर चार वर्षीय स्नातक की पढ़ाई प्रारंभ करने के संबंध में राजभवन में सभी कुलपतियों एवं शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में बिहार के विश्वविद्यालयों में सत्र 2023–2027 से चार वर्षीय स्नातक कोर्स प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। कोर्स की संरचना एवं प्रथम वर्ष के लिए विस्तृत पाठ्यक्रम तैयार करने हेतु कमिटी गठित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस सत्र में विश्वविद्यालय स्तर पर ही नामांकन होगा। परन्तु सभी विश्वविद्यालयों को एक ही समय पर सभी संबंधित कार्य सम्पन्न करने होंगे। इसके लिए टाईम लाइन का निर्धारण राजभवन द्वारा किया जायेगा। अगले सत्र से नामांकन की केन्द्रीकृत प्रक्रिया अपनाई जायेगी। बैठक में एकेडमिक कैलेण्डर बनाने का निर्णय लिया गया एवं आधारभूत संरचना तथा Faculties के आकलन आदि के संबंध में भी विमर्श किया गया।

बैठक में राज्यपाल ने CBCS/Semester System को लागू करने हेतु महत्वपूर्ण निदेश देते हुए सभी प्रक्रियाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने को कहा।

बैठक में राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह एवं सचिव श्री वैद्यनाथ यादव, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् के अकादमिक सलाहकार प्रो० एन०के० अग्रवाल, राज्यपाल सचिवालय के संबंधित पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....